SOUTHAMPTON OXFORD NEONATAL TRANSPORT

**फोन: 01865 223344**

SONeT थेम्स वैली और वेसेक्स में नवजात बच्चों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने वाली विशेष सर्विस है। ये ऑक्सफोर्ड और साउथेम्प्टन नाम की दो जगहों से चलती है। क्षेत्र में नवजात गहन चिकित्सा इकाइयाँ (NICU) इस प्रकार हैं:

John Radcliffe Hospital, Oxford
Level 2, Newborn Care Unit
Women Centre
Headley Way
OX3 9DU
**कार पार्क:** 2a या 2
**टेलीफ़ोन:** 01865 223201

Princess Anne Hospital, Southampton
D level, Neonatal Intensive Care Unit
Coxford Road
SO16 5YA
**कार पार्क:** येलो कार पार्क
**टेलीफ़ोन:** 02381 208164

Queen Alexandra Hospital, Portsmouth
B6, Neonatal Intensive Care Unit
Southwick Road,
P03 6LY
**कार पार्क:** मेन एंट्रेंस कार पार्क
**टेलीफ़ोन:** 02392 283231

यदि आपके पास SONeT सेवा के बारे में कोई टिप्पणी है, तो कृपया किसी कर्मचारी से बात करें, टीम द्वारा दिए गए फीडबैक फॉर्म का उपयोग करें या हमें Oxford Hub; sonettransport@ouh.nhs.uk या Southampton Hub; sonet@uhs.nhs.uk पर ईमेल करें

SONeT v1.2 March 2025, Review Sep 2029

## थेम्स वैली और वेसेक्स नवजात नेटवर्क




हमारे नेटवर्क में शामिल हॉस्पिटल **(NICUs को मोटे अक्षरों में दिखाया गया है)**

1) Milton Keynes University Hospital, Milton Keynes
☎: 01908 995591
2) **Oxford University Hospital, Oxford**
☎: 01865 223201
3) Stoke Mandeville Hospital, Aylesbury
☎: 01296 316115
4) Wexham Park Hospital, Slough
☎: 0300 6154533
5) Royal Berkshire Hospital, Reading
☎: 0118 3227430
6) Basingstoke and North Hampshire Hospital
☎ 01256 313686
7) **Queen Alexandra Hospital, Portsmouth**
☎ 02392 283231
8) **Princess Anne Hospital, Southampton**
☎ 02381 208164
9) Dorset County Hospital, Dorchester
☎ 01305251150
10) Royal Bournemouth Hospital, Bournemouth
☎ 03000 192330
11) St Richard’s Hospital, Chichester
☎ 01243788122
12) St Mary’s Hospital, Newport, Isle of Wight
☎ 01983 534337
13) Salisbury NHS Foundation Trust, Salisbury
☎ 01722425180
14) Royal Hampshire County Hospital, Winchester
☎ 01256313686

SOUTHAMPTON OXFORD NEONATAL TRANSPORT

# साउथेम्प्टन ऑक्सफोर्ड नवजात परिवहन

(**S**outhampton **O**xford **Ne**onatal **T**ransport - SONeT)



## माता-पिता और देखभालकर्ता जानकारी पत्रक

यह पत्रक आपको यह समझने में मदद करने के लिए है कि आपके बच्चे को दूसरे हॉस्पिटल में क्यों स्थानांतरित किया जा रहा है। यह आपको साउथेम्प्टन ऑक्सफोर्ड नवजात आपातकालीन परिवहन (SONeT) सेवा के बारे में जानकारी देने के लिए भी बनाया गया है।

आपके बच्चे का नाम:_______________________

जन्म तिथि:__________ जन्म के समय वजन:______

आपके बच्चे को यहां स्थानांतरित किया जा रहा है:

______________________________

टेलीफ़ोन: ____________________

भेजने वाली टीम है:_____________ हब

नर्स:_____________________________

डॉक्टर/ANNP:________________________

एम्बुलेंस ड्राइवर:_______________________

हम समझते हैं कि यह आपके लिए बेहद तनावपूर्ण समय है, और हम हर संभव तरीके से आपकी मदद करने की कोशिश करेंगे।

### आपके बच्चे को क्यों स्थानांतरित किया जा रहा है?

आपके शिशु को दूसरे हॉस्पिटल में या तो विशेष देखभाल प्राप्त करने के लिए स्थानांतरित किया जा रहा है (जो वर्तमान हॉस्पिटल में संभव नहीं है) या फिर आपको और आपके बच्चे को घर के पास वाले हॉस्पिटल में ले जाया जा रहा है। (पुनर्वास)।

कई कारण हैं जिनकी वजह से बच्चे को दूसरे हॉस्पिटल में ले जाया जा सकता है, आपके बच्चे की देखभाल करने वाली टीम और SONeT टीम आपके बच्चे को ले जाने से पहले कारणों को विस्तार से समझाएंगे।

### स्थानांतरण के दौरान मेरे बच्चे की देखभाल कैसे की जाती है?

आपके हॉस्पिटल के डॉक्टर SONeT परिवहन टीम को फोन करेंगे, और वो लोग एक विशेष एम्बुलेंस लेकर आपके हॉस्पिटल आएंगे। परिवहन टीम में एक एम्बुलेंस ड्राइवर, एक नर्स और एक डॉक्टर या एक उन्नत नवजात शिशु नर्स चिकित्सक (Advanced Neonatal Nurse Practitioner - ANNP) होती है, जो बीमार बच्चों को ले जाने के लिए खासतौर पर प्रशिक्षित होते हैं। टीम आपके बच्चे की जाँच करेगी और सुनिश्चित करेगी कि वो ठीक हैं और ले जाने के लिए तैयार हैं। इसके लिए उन्हें कुछ दवाएं देनी पड़ सकती हैं, नली लगानी पड़ सकती है, और सांस लेने में मदद करनी पड़ सकती है।

### परिवहन उपकरण की जानकारी

SONeT के पास वो सारे उपकरण है जो बच्चों को ले जाने के लिए चाहिए होते हैं। उपकरण में शामिल हैं;

- इनक्यूबेटर - एक ऐसा पारदर्शी बक्सा जो आपके बच्चे को गर्म रखता है और आराम देता है।
- वेंटिलेटर - बच्चों को ले जाने का एक बड़ा कारण सांस लेने में दिक्कत होना है। वेंटिलेटर आपके बच्चे द्वारा सांस लेने को स्थिर करने में मदद करेगा।
- मॉनिटर - स्थानांतरण के दौरान यह महत्वपूर्ण है कि हम आपके बच्चे की स्थिति की लगातार निगरानी करें। हम हृदय गति, सांस लेने की दर, तापमान और रक्तचाप मापते हैं।
- दवा के लिए सिरिंज - कुछ शिशुओं को विशेष दवा या अंतःशिरा तरल पदार्थों की आवश्यकता होती है, SONeT टीम आवश्यकता पड़ने पर इन्हें प्रदान कर सकती है। हम आपके द्वारा प्रदान किये गए स्तन दूध को भी स्थानांतरित कर सकते हैं।

### आपका बच्चा बहुत सुरक्षित हाथों में है



जब SONeT टीम रवाना होने के लिए तैयार होगी तो आप अपने बच्चे को देख सकेंगे। टीम के सदस्य बताएंगे कि आपके बच्चे का क्या इलाज चल रहा है और आपके जो भी सवाल होंगे, उनके जवाब देंगे।

आप अपने बच्चे को छू सकते हैं और प्यार कर सकते हैं, डरने की कोई बात नहीं है।

### स्थानांतरण के दौरान अपने बच्चे के साथ रहना

SONeT टीम आपको बताएगी कि आपके या आपके साथी के लिए स्थानांतरण के दौरान अपने बच्चे के साथ जाना संभव है या नहीं।

यह आपकी चिकित्सा स्थिति, आपके बच्चे की स्थिति, स्थान और सुरक्षा मुद्दों पर निर्भर करता है। अगर आप साथ जा सकते हैं, तो अपने साथ एक छोटा सा बैग ले जा सकते हैं।

हो सकता है कि आपको उस हॉस्पिटल तक खुद जाने का इंतजाम करना पड़े जहाँ आपके बच्चे को ले जाया जा रहा है। SONeT टीम आपको हॉस्पिटल की जानकारी देगी और आपका संपर्क विवरण लेगी। यह महत्वपूर्ण है कि आप **एम्बुलेंस का पीछा करने की कोशिश न करें** क्योंकि यह खतरनाक हो सकता है।

अगर आप अभी भी उसी हॉस्पिटल में भर्ती हैं जहाँ आपका बच्चा पैदा हुआ था, तो हो सकता है कि देखभाल के लिए आपको भी उसी हॉस्पिटल में भेज दिया जाए जहाँ आपके बच्चे को ले जाया जा रहा है। स्थानांतरण का समय आपकी वर्तमान स्थिति पर निर्भर करेगा और स्थानांतरण की व्यवस्था आपके स्थानीय हॉस्पिटल द्वारा की जाएगी।

SONeT टीम आपको यह बताने के लिए फोन करेगी कि वे आपके बच्चे के साथ हॉस्पिटल में पहुंच गए हैं (यदि आप उनके साथ नहीं हैं)। सभी हॉस्पिटल चाहते हैं कि माता-पिता फोन करके अपने बच्चे के बारे में पता करते रहें। अगर आप अपने बच्चे के साथ नहीं जा पा रहे हैं, तो बच्चे के हॉस्पिटल पहुँचने के 1-2 घंटे बाद फोन करके हालचाल पूछ लें। इससे टीम को आपके बच्चे को व्यवस्थित करने और आपको पूरी जानकारी देने में मदद मिलेगी।

### शिशु को घर के करीब ले जाना (पुनर्वास)

जब आपके बच्चे को गहन देखभाल की आवश्यकता नहीं रह जाती है, तो SONeT परिवहन सेवा आपके बच्चे को आपके घर के पास के हॉस्पिटल में वापस स्थानांतरित कर देगी। आपके पास वाला हॉस्पिटल आपकी और आपके बच्चे की तब तक देखभाल करेगा जब तक कि आपका बच्चा घर जाने लायक नहीं हो जाता।

इस बारे में आपके स्थानीय डॉक्टर और हॉस्पिटल के साथ-साथ आपसे भी चर्चा की जाएगी। इस QR कोड को स्कैन करें ताकि आपको एक वीडियो मिल सके जिसमें 'घर वापसी' के बारे में और भी बातें बताई गई हैं।